एक नजर

विवाहिता ने लगाई फांसी

शुकुल बाजार अमेठी। जनपद के थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के पारा ग्राम सभा में शनिवार देर रात्रि एक विवाहिता ने फांसी के फंदे से लटककर जीवन लीला समाप्त कर लिया। घटना की जानकारी रविवार दोपहर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।परिजनों की सूचना पर शुकुल बाजार पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतका की पहचान रामकुमारी (30 वर्ष), पत्नी अशोक कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उनकी शादी लगभग 12 वर्ष पहले हुई थी। उनके दो बच्चे हैं,एक 10 वर्ष का और दूसरा 8 वर्ष का है पति बाहर श्रीलंका में प्राइवेट नौकरी करता है। घटना शनिवार देर रात्रि की है जहां परिजनों को रविवार दोपहर जानकारी हुई जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद पुलिस टीम ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच में जुट गई। थाना अध्यक्ष शुकुल बाजार गजेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची है और घटना की जांच की जा रही है मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा।घटना के विषय में अन्य पहलुओं पर जांच की जा रही है।

जंगली हाथियों ने किसानों की गन्ने की फसल रौंदी, गेहूं भी किया बर्बाद



खुटार। लखीमपुर खीरी की सीमा से सटे खुटार क्षेत्र के गांव कुंभिया माफी में शनिवार रात जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। जंगल से निकलकर आए हाथियों ने कई किसानों के खेतों में घुसकर गेहूं और गन्ने की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार, हाथियों ने जंगल से सटे किदारी के गेहूं के खेत में पहुंचकर फसल को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद रामशेवक के गेहूं के खेत से होते हुए रामचंद्र और रामनरेश के गन्ने के खेतों में पहुंच गए। हाथियों ने दोनों किसानों की करीब डेढ़-डेढ़ बीघा गन्ने की फसल उजाड़ दी। रविवार सुबह खेतों पर पहुंचे ग्रामीणों ने फसल बर्बाद देखी तो उनके होश उड़ गए।ग्रामीणों का कहना है कि शुक्रवार रात भी जंगली हाथियों ने खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचाया था। लगातार दो रातों से हाथियों के आतंक से किसानों में दहशत बनी हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की ओर से खेतों का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन करने और नियमानुसार भरपाई कराने का आश्वासन दिया गया है। रेंजर दिनेश बडोला ने बताया कि टीम को मौके पर भेजकर निरीक्षण कराया जाएगा।

छठ पर्व से पूर्व गोमती मित्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान, नदी से निकाली पूजन सामग्री

सुल्तानपुर। छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और माँ गोमती की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए गोमती मित्र मण्डल समिति के सदस्यों ने रविवार को सीताकुण्ड धाम पर विशेष स्वच्छता श्रमदान किया। लगभग दो घंटे चले अभियान में सदस्यों ने नदी के जल और तट से कुंतलों पूजन सामग्री, खंडित मूर्तियाँ, काँच के फ्रेम, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट बाहर निकाले।समिति का उद्देश्य छठ व्रती माताओं-बहनों को स्वच्छ एवं सुरक्षित घाट उपलब्ध कराना है, ताकि जल में उतरते समय किसी को काँच या नुकीली वस्तुओं से चोट न पहुंचे। समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की कि पूजा-पाठ के बाद पूजन सामग्री नदी में विसर्जित न करें और माँ गोमती की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग दें। सायंकाल सीताकुण्ड धाम पर आदि गंगा माँ गोमती की महाआरती भी आयोजित होगी।श्रमदान में प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, रमेश माहेश्वरी, सेनजीत कसौधन दाऊ,मुन्ना सोनी,राजेश पाठक,दिनकर सिंह, राकेश सिंह दद्दू, अजय प्रताप सिंह, आलोक तिवारी,विकास शर्मा,युवा मण्डल अध्यक्ष अजय वर्मा,आभास,अभय सोनी,अर्जुन यादव,अशोक कुमार,अभय मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

घर सुल्तानपुर फाउंडेशन के मिशन ज्ञानदीप का 54वाँ सप्ताह सम्पन्न

सुल्तानपुर। घर सुल्तानपुर फाउंडेशन द्वारा निषाद बस्ती के बच्चों को शिक्षित करने के उद्देश्य से संचालित 'मिशन ज्ञानदीप' का 54वाँ सप्ताह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अभियान के माध्यम से बच्चों को नियमित रूप से शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके ज्ञान, आत्मविश्वास और क्षमताओं को विकसित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।अभियान के तहत प्रत्येक सप्ताह बच्चों को विभिन्न शैक्षिक विषयों के साथ नैतिक शिक्षा एवं जीवनोपयोगी ज्ञान से जोड़ने का प्रयास किया जाता है, ताकि वे शिक्षा के महत्व को समझते हुए अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में आगे बढ़ सकें।फाउंडेशन की टीम के लिए यह अभियान केवल बच्चों को पढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानने, आत्मविश्वास जगाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास है।आज के अभियान मे अरुण मिश्रा एवं विनायक मिश्रा ने सहयोग प्रदान किया।घर सुल्तानपुर फाउंडेशन का मानना है कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि प्रत्येक बच्चे को आत्मनिर्भर, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने का माध्यम बननी चाहिए। इसी उद्देश्य के साथ फाउंडेशन 'पूर्ण समर्पण, नि:स्वार्थ सेवा' के भाव से मिशन ज्ञानदीप को निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला मे पहुचे 40 मरीज मिली दवाईया

चांदा। सुलतानपुर नगर पंचायत कोइरीपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और चिकित्सकों से परामर्श लिया। स्वास्थ्यकर्मियों ने मरीजों की जांच करने के साथ ही उन्हें आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराईं तथा स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सुझाव दिए।मेले के दौरान कुल 40 मरीजों को दवाएं वितरित की गईं, जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रयोगशाला में 11 मरीजों की विभिन्न जांचें की गईं। वहीं, किशोरियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक किशोरी को एचपीवी का टीका लगाया गया। स्वास्थ्य मेले में सर्दी, जुकाम और खांसी से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक रही।मेले में चिकित्सक डॉ. अमित कुमार ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। इस दौरान फार्मासिस्ट संतोष कुमार उपाध्याय, रियाज अहमद, वार्ड ब्वाय सौरभ वर्मा और स्वीपर सत्यनारायण पाल सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

चार पहिया वाहन को ओवर टेक करने के चक्कर मे विवाद, चालक व सवार को पीटा

चांदा। स्थानीय चांदा कोतवाली क्षेत्र के पुरानी हाईवे स्थित शेरपुर परसरामपुर गांव के पटेल ढाबा के पास नई अर्टिगा कार सवार लोगों को दूसरे वाहन एस्कार्पियो सवार युवको ने अर्टिगा वाहन को ओवरटेक करके रोक कर उसमें सवार चालक व युवक को जमकर मारा पीटा । सूचना पर चांदा कोतवाली की पुलिस पहुंची । लंभुआ थाना क्षेत्र से रामगढ़ निवासी प्रमोद कुमार रजक पुत्र भगवती प्रसाद अपने अर्टिगा वाहन से किसी कार्य हेतु बदलापुर की तरफ सनोज सरोज पुत्र रामचंद्र सरोज निवासी बदलापुर जनपद जौनपुर को लेकर जा रहे थे । तभी पीछे से आ रही एस्कार्पियो वाहन सवार युवकों ने अर्टिगा कार को रोककर प्रमोद कुमार सरोज व दूसरे युवक सनोज सरोज को मारा पीटा । सूचना पर पहुंची चांदा पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा ले गए । जहां पर सनोज सरोज पुत्र रामचंद्र सरोज निवासी बदलापुर जौनपुर का इलाज किया । हालत गम्भीर होने पर जिला चिकित्सालय भेजा गया । जबकि प्रमोद सरोज को मामूली चोट आने पर वहीं से डिस्चार्ज कर दिए । इस तरह की घटना होने से चर्चाओं का बाजार गर्म है । मामले में कोतवाली चांदा के उप निरीक्षक अजय यादव द्वारा घटनास्थल की जांच की गई । प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चांदा राजकुमार वर्मा ने बताया कि विवाद की सूचना मिली थी ।

शिवगढ़ में आयोजित रोजगार मेले में 363 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन



रायबरेली। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली द्वारा श्री बरखण्डी महाविद्यालय, शिवगढ़ के परिसर में एक दिवसीय विधानसभा स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 14 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कुल 597 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इनमें से लगभग 363 अभ्यर्थियों का प्राथमिक रूप से चयन किया गया। शेष कुछ कम्पनियों के चयन परिणाम अभी लंबित हैं। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि बछरावां विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रामलाल अकेला द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवगढ़ ब्लॉक प्रमुख कुँवर हनुमन्त सिंह उपस्थित रहे। रोजगार मेले में ब्राइट फ्यूचर, टाटा मोटर्स, न्यू हॉलैंड, महादेव हनुमान विजय प्लेसमेंट, साटा विकास प्राइवेट लिमिटेड सहित विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग कर अभ्यर्थियों का साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया सम्पन्न कराई। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी डॉ. दिनकर कुमार, श्री बरखण्डी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संचिता मिश्रा एवं प्राक्टर डॉ. राम धीरज सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, नियोजकों एवं अभ्यर्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रबन्धक, कौशल विकास मिशन राजीव सिंह एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के सर्वेश कुमार राय द्वारा किया गया। रोजगार मेले के सफल आयोजन में जिला सेवायोजन कार्यालय के जितेन्द्र सिंह कनौजिया, गुलरेज सुहेल, धीरेन्द्र सिंह, रामेन्द्र कुमार पाण्डेय, अश्वनी कुमार, मो. जमीर, तनीषा श्रीवास्तव, सोनानी सोनकर, विजय कुमार, सुरेश चन्द्र, रामेन्द्र कुमार एवं महेन्द्र कुमार तथा श्री बरखण्डी महाविद्यालय के डॉ. सुमन शुक्ला, डॉ. आशुतोष मिश्रा, अनुज कुमार सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह एवं अजीत कुमार बाजपेई ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

भगवान राम के आदर्शों और श्री राम जानकी विवाह का किया भावपूर्ण वर्णन

लालगंज (रायबरेली)। मानस मंदाकिनी संस्था के तत्वावधान में आयोजित सियाराम कथा के पांचवें दिवस पर कथा व्यास डॉ. यशोमती सिंह ने भगवान श्रीराम के आदर्शों और श्री राम-जानकी विवाह का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सियाराम कथा सुनने मात्र से मनुष्य का लोक-परलोक दोनों सुखमय हो जाता है। कथा व्यास ने कहा कि भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। उनका जीवन ही धर्म, त्याग, प्रेम और कर्तव्य का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने पिता की आज्ञा के लिए राजपाट त्याग दिया, भाई के लिए वनवास स्वीकार किया और प्रजा के सुख के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। आज के समय में यदि व्यक्ति राम के एक भी आदर्श को अपने जीवन में उतार ले तो उसका जीवन सफल हो जाएगा।श्री राम-जानकी विवाह के प्रसंग का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने कहा कि जनकपुर में जब भगवान श्रीराम ने शिव धनुष तोड़ा तो पूरे नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। माता सीता ने जयमाला पहनाई और देवताओं ने पुष्प वर्षा की। विवाह के इस अलौकिक प्रसंग को सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और पूरे पंडाल में जय सियाराम के जयकारे गूंज उठे। उन्होंने कहा कि राम कथा केवल सुनने की नहीं, बल्कि जीवन में उतारने की कथा है। जो व्यक्ति राम के आदर्शों पर चलता है, उसे जीवन में कभी दुख नहीं होता। सियाराम कथा मन को शांति, घर में सुख और समाज में सद्भाव लाती है। कथा के पांचवें दिवस पर मुख्य यजमान के रूप में दीप चन्द्र गुप्ता और उनकी पत्नी गीता गुप्ता ने विधिवत पूजा-अर्चना की। व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा और उनकी पत्नी मानसी शर्मा ने भी व्यास पीठ का पूजन-अर्चन किया।

वनवासी छात्रावास के बच्चों को मिली आर्थिक सहायता, कंबल और मिठाइयां



सुलतानपुर। सामाजिक सरोकार और सेवा भावना की मिसाल पेश करते हुए नंदिनी आई केयर एव डॉ राम मनोहर लोहिया की प्रोफेसर डॉ. पूजा शुक्ला के नेतृत्व में सीताकुंड घाट स्थित नागा बाबा वनवासी छात्रावास में रहने वाले आदिवासी बच्चों के लिए सहायता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रावास के बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल, मिठाइयां वितरित की गईं तथा छात्रावास के संचालन मंडल को आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। जाड़े की शुरुआत में मिली इस सहायता से छात्रावास के बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बच्चों ने कंबल और मिठाइयां पाकर प्रसन्नता जाहिर की। नंदिनी आई केयर की इस पहल को समाज के प्रति जिम्मेदारी और जरूरतमंदों की सेवा का सराहनीय उदाहरण बताया गया।इस अवसर पर छात्रावास के काशी प्रांत के पदाधिकारी सुरेंद्र ने डॉ. पूजा शुक्ला एवं नंदिनी आई केयर की पूरी टीम को बधाई देते हुए उनके इस पुनीत कार्य के लिए साधुवाद दिया।

उन्होंने कहा कि आदिवासी एवं जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा, रहन-सहन और आवश्यक सुविधाओं में सहयोग करना समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। ऐसे सेवा कार्यों में समाज के सभी लोगों को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि नंदिनी आई केयर की इस सराहनीय पहल का छात्रावास के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य हृदय से स्वागत करते हैं।कार्यक्रम में सेवा समर्पण संस्थान के सचिव शिवकुमार तिवारी एडवोकेट की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने भी इस प्रकार के सामाजिक एवं मानवीय कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद बच्चों की मदद करना सबसे बड़ा मानवीय धर्म है। समाज के सक्षम लोगों और संस्थाओं को आगे आकर ऐसे बच्चों की सहायता करनी चाहिए, जिससे उन्हें बेहतर भविष्य और सम्मानजनक जीवन मिल सके। कार्यक्रम के अंत में छात्रावास के बच्चों को कंबल एवं मिठाइयां वितरित की गईं। नंदिनी आई केयर की इस पहल ने बच्चों के बीच खुशी का माहौल बना दिया। उपस्थित लोगों ने संस्था की पूरी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रखने का अनुरोध किया

बाल कविता संग्रह का मंत्री रजनी तिवारी ने किया विमोचन, मेधावी बच्चे सम्मानित



शाहाबाद/हरदोई। ग्राम बिलालपुर (शर्मा) में 13 नवंबर को प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने राष्ट्रीय कवि डॉ. रोहित कुमार सिंह गौर के बाल कविता संग्रह %गीत बचपन के% का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि डॉ. रोहित की कविताएं राष्ट्रप्रेम और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से ओतप्रोत हैं, जो बच्चों को अच्छे संस्कार देने का काम करती हैं। गन्ना समिति हरदोई के चेयरमैन रंजीत कुमार सिंह गौर ने कवि की साहित्यिक उपलब्धियों और सामाजिक कार्यों की सराहना की। डॉ. रोहित ने बच्चों में राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने पर जोर दिया। उनकी गाती नदिया, मेरा सुनहरा भारत, जब निकला चांद और मैं दीवाना तुम्हारे प्रेम का सहित कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उनकी रचनाएं आकाशवाणी, दूरदर्शन और नंदन, बालहंस व कल्याण जैसी पत्रिकाओं में भी प्रकाशित हुई हैं। इस अवसर पर हाईस्कूल में जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले शरदबीर सिंह के अलावा अंशिका शर्मा, लकी सिंह और काम्या सिंह को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में प्रधान संघ अध्यक्ष शदर सिंह, एडवोकेट रामराज सिंह, अनुज राजपूत, कमलेश सिंह, संतन सिंह, पं. रामजी द्विवेदी, महेंद्र पाल सिंह, पप्पू सिंह और राहुल सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। संचालन जयशंकर तिवारी ने किया।

सेक्टर मजिस्ट्रेट को दिया गया प्रशिक्षण

अमेठी। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2027 को लेकर रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद की चारों विधानसभा क्षेत्रों में तैनात किए गए 125 सेक्टर मजिस्ट्रेट को दो पालियों में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों निर्वाचन संबंधी दायित्वों एवं कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट निर्वाचन प्रक्रिया की एक अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं।पीठासीन अधिकारियों एवं पोलिंग पार्टियों दूसरी ओर रिटर्निंग ऑफिसर जिला निर्वाचन अधिकारी के बीच समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

ट्रक चालकों एवं आमजनमानस को पढ़ाया यातायात के नियम



अमेठी। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात दिनेश कुमार मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 15.11.2026 यातायात जागरूकता माह नवंबर-2026 के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में आज 15वें दिन यातायात प्रभारी उ0नि0 श्री शोभनाथ राम द्वारा वाहन चालकों एवं आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा जागरूकता संबंधी पम्फ्लेट वितरित किए गए। इस दौरान वाहन चालकों को दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट धारण करने, तीन सवारी न बैठाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने एवं यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही सभी वाहन चालकों से स्वयं की सुरक्षा एवं यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने हेतु यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। साथ ही यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 210 वाहनों का चालान कर ? 3,20,000/- का जुर्माना अधिरोपित किया गया।'सुरक्षित चलें, सुरक्षित रहें, यातायात नियमों का पालन करें।'

पराली जलाने को लेकर तीन किसानों पर जुर्माना

अमेठी। पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। इसी क्रम में तहसील गौरीगंज क्षेत्र में पराली जलाने के मामलों में प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिशा श्रीवास्तव ने बताया कि 13 नवंबर 2026 को तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पराली जलाने की शिकायतों के संबंध में स्थलीय जांच कराई गई थी। जांच के दौरान ग्राम पचेहरी में पराली जलाने की पुष्टि होने पर शिव बहादुर यादव पर नियमानुसार 10000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार ग्राम अन्नी बैजल में पराली जलाने के मामले में अशोक कुमार सिंह पर 10000 रुपये तथा ग्राम डेबरा में जगदीश प्रसाद पर 10000 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। तीन मामलों में कुल 30000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उपजिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसे देखते हुए प्रशासन द्वारा पराली जलाने की घटनाओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। डुग्गी-मुनादी के माध्यम से भी किसानों को जागरूक करते हुए पराली न जलाने की सूचना एवं अपील प्रसारित कराई जा चुकी है।

एक नजर

दो पक्षों जमकर चलीं लाठियां, एक किशोर सहित 08 घायल

शिवगढ़ (रायबरेली)। दो पक्षों जमकर चलीं लाठियां एक किशोर सहित आठ लोग घायल हो गए जिसमें सात जिला अस्पताल रिफर किए गए। वहीं पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के अन्तर्गत रविवार को सुबह लगभग आठ बजे बदावर गांव में धान का पुआल रखने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठियां चल गई जिसमें दोनों पक्षों की ओर से लगभग आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए सभी घायलो को सीएचसी शिवगढ़ लाया गया जहां सात घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया। दोनों पक्षों में घायल हुए विजय बहादुर (45) पुत्र शीतल बक्स सिंह, सोनू सिंह (35) पुत्र शीतल बक्स सिंह, हनुमान (50) पुत्र शीतल बक्स सिंह, जीत बहादुर (42) पुत्र शीतल बक्स सिंह, साहब दीन (42) पुत्र अज्ञात, छोटे लाल (36) पुत्र सत्यनाम, राम सुरेश (40) पुत्र रामसनेही, राम शंकर (28) पुत्र रामनरेश, प्रदीप (12) पुत्र रामसुरेश, सुशील कुमार (26) पुत्र रामचंद्र बताए गए हैं। वहीं गम्भीर रूप से घायल विजय बहादुर, सोनू सिंह, हनुमान, साहबदीन, छोटेलाल राम सुरेश, सुशील कुमार को चिकित्सक ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया। इस मामले में थाना प्रभारी बलवंत सिंह शाही ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज किया गया है।

दोपहर में बंद रहता है टोडरपुर ब्लॉक का मुख्य गेट, फरियादी परेशान

शाहाबाद/हरदोई। विकासखंड टोडरपुर में प्रतिदिन दोपहर एक से दो बजे तक मुख्य गेट बंद रखे जाने से ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। आवास, पेंशन, मनरेगा और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं लेकर पहुंचने वाले फरियादियों को गेट बंद मिलने पर इंतजार करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि आखिर मुख्य गेट बंद रखने का आदेश किस अधिकारी ने दिया है और क्या इसके लिए कोई लिखित आदेश जारी किया गया है? ग्रामीणों ने जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय से मामले की जांच कराकर जिम्मेदारी तय करने और कार्यालय आने वाले फरियादियों के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है।

ठेकेदार को समय से निर्माण पूरा करने की हिदायत

माधौगंज/हरदोई। कृषि उत्पादन मंडी समिति माधौगंज का रविवार को मंडी उपनिदेशक लखनऊ अनुरुद्ध प्रताप सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी परिसर में चल रहे नाली और पुलिया निर्माण कार्यों का जायजा लेकर ठेकेदार को निर्धारित समय सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था पर असंतोष जताते हुए उन्होंने मंडी सचिव को तत्काल साफ-सफाई कराने को कहा। साथ ही कर्मचारियों के आवासों में मिली कमियों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

बूथ प्रबंधन पर जोर

हरदोई। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 में दो-तिहाई बहुमत हासिल करने के लक्ष्य के साथ भाजपा ने संगठन को मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। रविवार को जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन की अध्यक्षता में आयोजित जिला संगठनात्मक बैठक में बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई।बैठक में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री तथा उत्तर प्रदेश सह-प्रभारी प्रदीप कुमार वर्मा और राज्यसभा सांसद एवं महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मेधा कुलकर्णी ने कार्यकर्ताओं को चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। निवर्तमान क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध एवं जिला प्रभारी कमलेश मिश्रा तथा क्षेत्रीय मंत्री गौरव भाटिया विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि चुनाव में जीत के लिए बूथ प्रबंधन सबसे महत्वपूर्ण है। प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाने के साथ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचकर सरकारी योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना होगा। उन्होंने पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मान देते हुए संगठन में सक्रिय भूमिका देने पर भी जोर दिया।मेधा कुलकर्णी ने महिला सुरक्षा और प्रदेश की कानून-व्यवस्था को सरकार की उपलब्धि बताते हुए महिला कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क कर महिलाओं को संगठन से जोड़ने की अपील की। कमलेश मिश्रा ने एक्सप्रेस-वे, बिजली व्यवस्था और बुनियादी ढांचे के विकास को सरकार की प्रमुख उपलब्धियां बताया। गौरव भाटिया ने कहा कि कार्यकर्ता सरकार के विकास कार्यों और सुशासन को लेकर जनता के बीच जाएं।

जमीनी विवाद में परिवार पर हमला

मुंशीगंज अमेठी। थाना क्षेत्र के उलरा गांव में जमीन के बंटवारे के विवाद में एक परिवार पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित जगदीश प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर विपक्षियों पर लाठी-डंडों सरिया और ईंट-पत्थरों से मारपीट करने का आरोप लगाया है। घटना में दंपती समेत परिवार के कई लोग घायल हो गए। पीड़ित के मुताबिक जमीन के बंटवारे को लेकर दोनों पक्षों के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में शनिवार को विपक्षियों ने एकजुट होकर परिवार पर हमला कर दिया। मारपीट में जगदीश प्रसाद के कान कंधे और पैर में चोटें आईं जबकि उनके बेटे संतोष कुमार के आंख और सिर के बीच गंभीर चोट लगी। उसके दाहिने पैर की अंगुली में भी चोट आई है। जगदीश की पत्नी राजमती समेत परिवार के अन्य सदस्य भी घायल हुए हैं। पीड़ित परिवार ने विपक्षियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। इससे परिवार में भय का माहौल है।प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जल साक्षरता अभियान कल से

अमेठी। जल संचयन के दृष्टिकोण से अमेठी जल बिरादरी के तत्वावधान में पांच दिवसीय जल साक्षरता अभियान का शुभारम्भ 17 नवम्बर को ओम नगर से होगा। तत्पश्चात इसी दिन रणंजय इंटर कालेज ठेंगहा में संवाद गोष्ठी का आयोजन होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जल साक्षरता अभियान के संयोजक डॉ अर्जुन पाण्डेय ने बताया कि यह यात्रा 17 नवंबर और 18 नवंबर को जनपद अमेठी के विभिन्न कालेजों में जल संवाद गोष्ठी और जागरूकता का कार्य करेगी। 19 नवंबर को रायबरेली एवं 20 नवंबर को कानपुर के कालेजों में जल संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं । 21नवंबर को जल साक्षरता अभियान का समापन समारोह लखनऊ में होगा।इस अभियान में उत्तराखंड से सुरेश भाई दिल्ली से अरुण तिवारी आगरा से प्रो हेमराज मीणा सीतापुर से सुशील बाराबंकी से रत्नेश कुमार गौतम रायबरेली से डॉ शिवम् तिवारी तथा जनपद अमेठी से अमर बहादुर सिंह शामिल हैं। कार्यक्रम को लेकर लगभग सभी तैयारियां उक्त जनपदों में पूरी कर ली गई हैं।

गांव से लेकर शहर तक रही छठ गीतों की धूम

अमेठी। जिले में रविवार को गांव से लेकर शहर तक छठ गीतों की धूम रही। मोबाइल और अन्य उपकरणों पर जो लोग छठ व्रत नहीं करते वह भी निष्ठा भाव के साथ छठ गीत सुनते नजर आए।जनपद में बने विभिन्न छठ घाटों पर रविवार की शाम छठ व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया 36 घंटे तक चलने वाले निर्जला व्रत में छठ व्रतियों ने दिनभर उपवास के बाद शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया।सोमवार को सुबह सूर्योदय के समय अर्घ्य देकर यह व्रत सम्पन्न होगा।छठ घाट पर छठ गीतों की धूम लोगो को आकर्षित कर रही है।नगर अमेठी में मुंशीगंज रोड पर फायर स्टेशन के पास छठ घाट बनाया गया है।यहां दर्जनों परिवार की महिलाओं ने पूजन कर अर्घ्य दिया। वहीं कालिकन धाम सगरा में भी दर्जनों व्रतियों ने पूजन कर अर्घ्य दिया। जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित लोदी बाबा धाम पर छठ की घूम रही यहां भी व्रतियों ने पूजन अर्चन कर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया।पूर्वांचल और बिहार का प्रमुख त्यौहार उत्तर भारत में भी मनाया जा रहा है नौकरी पेशा के कारण कई परिवार पूर्वांचल और बिहार के यहां रहने लगे है साथ ही शादी विवाह के कारण कुछ महिलाये अपने मायके के अनुरूप छठ पर्व को यहां मना रही है।धीरे धीरे छठ पर्व की लोकप्रियता यहां भी बढ़ती जा रही है। शुक्रवार से छठ पूजा का महापर्व शुरू हुआ है । यह त्योहार 4 दिन तक मनाया जाता है।पहले दिन नहाय-खाए दूसरे दिन खरना और तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य की पूजा और अर्घ्य चौथे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देते हैं। नहाए-खाए के दिन महिलाएं और पुरुष नदियों में स्नान करते हैं। इस दिन चावल चने की दाल इत्यादि बनाए जाते हैं। इस दिन विशेष रूप से कद्दू की सब्जी और पकवान बनाए जाते हैं । दूसरे दिन खरना के दिन से महिलाएं और पुरुष छठ का उपवास शुरू करते हैं इन्हें छठ व्रती कहते हैं। इसी दिन शाम के समय प्रसाद बनाया जाता है। प्रसाद में चावल दूध के पकवान ठेकुआ बनाया जाता है। साथ ही फल सब्जियों से पूजा की जाती है।छठ के तीसरे दिन शाम के पूजन की तैयारियां की जाती हैं। छठ व्रती पूरे दिन निर्जला व्रत करते हैं और शाम के पूजन की तैयारियां करते हैं।